# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 से छात्रों को मिल रहा है भरपूर लाभ : प्रो. भरत राज सिंह

29 Jul 2025 18:39:32




लखनऊ, 29 जुलाई (हि.स.)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को 29 जुलाई 2020 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा अनुमोदित किया गया था और इसकी क्रियान्वयन योजना को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया गया था। जिनमें क्रियान्वयन योजना का अंतिम रूप, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे का विकास, राज्य-स्तरीय क्रियान्वयन, समीक्षा समिति का गठन और बजट आवंटन शामिल हैं। इस शिक्षा नीति से छात्रों को भरपूर लाभ मिल रहा है। यह बातें मंगलवार को स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस के तकनीकी महानिदेशक प्रो. भरत राज सिंह ने कही।

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस, लखनऊ परिसर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के पांचवें वार्षिक दिवस के उपलक्ष्य में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोष्ठी के प्रमुख वक्ता प्रो. भरत राज सिंह, महानिदेशक ने नीति के रचनाकार डॉ. कस्तूरी रंगन के अथक प्रयासों को याद करते हुए इसके मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डाला।

संगोष्ठी में संस्थान के सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने कहा कि एसएमएस राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को पूर्णतः लागू कर रहा है और छात्रों में उत्साह के साथ परिणाम भी मिलने लगे हैं।

इस अवसर पर महानिदेशक प्रो भरत राज सिंह, एसोसिएट निदेशक डॉ. धर्मेंद्र सिंह, डीन-छात्र कल्याण डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष नियति गौर, डॉ. श्रृंखला श्रीवास्तव, हिमांशु मिनोत्रा, दिव्या मिश्रा, कुलदीप कटियार, अलका वर्मा, राहुल सिंह, सुनील दुबे, महेंद्र मौर्या आदि ने प्रतिभाग किया।

हिन्दुस्थान समाचार / रोहित कश्यप

---

https://www.hindusthansamachar.in/Encyc/2025/7/29/Students-are-getting-full-benefit-from-National-Ed.php#google_vignette